TEACHERS OF BIHAR

# दैनिक ज्ञानकोश

सीखें-सिखाएं, बिहार को आगे बढ़ायें




teachersofbihar@gmail.com
https://twitter.com/teachersofbihar
https://www.youtube.com/c/teachersofbihar
https://www.facebook.com/teachersofbihar
https://www.linkedin.com/company/teachersofbihar
www.teachersofbihar.org

2024

19 अगस्त 2024


# Teachers of Bihar

The Change Makers

## आज का सुविचार

जीवन वास्तव में बहुत सरल है परंतु हम उसे जटिल बनाने में जुटे रहते हैं।

**कन्फ्यूशियस**



राकेश कुमार

# Teachers of Bihar

*The change makers*

# दिवस ज्ञान

**शशिधर उज्जवल**

## 19 अगस्त

1. **हजारी प्रसाद द्विवेदी का जन्म–** हिन्दी के मशहुर निबंन्धकार, आलोचक और उपन्यासकार हजारी प्रसाद द्विवेदी का जन्म 19 अगस्त, 1907 ई. को बलिया उत्तर प्रदेश के बलिया जिले के ओझवलिया ग्राम में हुआ था। 'अशोक के फूल', 'कल्पलता', 'विष के दन्त' आदि उनके प्रमुख निबंध संग्रह तथा 'बाणभट्ट की आत्मकथा', 'पुनर्नवा' आदि प्रमुख उपन्यास रचना है। वर्ष 1957 में भारत सरकार द्वारा 'पद्मभूषण' की उपाधि से सम्मानित किये गये। वे हिन्दी, अंग्रेजी, संस्कृत और बांग्ला भाषाओं के विद्वान थे।
2. **विश्व फोटोग्राफी दिवस–** वर्ष 1839 में फ्रांस के जोसेफ निकेफोर तथा मेंडे डाग्युरे ने फोटो तत्व को खोजने का दावा पेश किया। ब्रिटिश वैज्ञानिक विलियम हेनरी फॉक्सटेल बोट ने नेगेटिव–पॉजीटिव प्रोसेस ढूँढ लिया था। वर्ष 1834 में टेल बॉट ने लाइट सेंसेटिव पेपर का अविष्कार किया जिससे खींचे चित्र को स्थायी रूप से रखने में सहायता प्राप्त हो। फ्रांसीसी वैज्ञानिक आर्गो ने 7 जनवरी, 1839 ई. को फ्रेंच अकादमी ऑफ साइंस के लिए एक रिर्पोट तैयार की। फ्रांस सरकार ने यह प्रोसेस रिपोर्ट खरीदकर उसे आम लोगों के लिए 19 अगस्त, 1939 ई. को फ्री घोषित किया। इसी कारण से 19 अगस्त को प्रतिवर्ष विश्व फोटोग्राफी दिवस मनाया जाता है। पहली बार 19 अगस्त, 2010 ई. को वैश्विक स्तर पर इस दिवस का आयोजन किया गया था।
3. **विश्व मानवता दिवस–** इराक की राजधानी बगदाद में आज ही के दिन संयुक्त राष्ट्र मुख्यालय पर हमला किया गया था। इस हमले में यूएन के 22 कर्मी मारे गये थे। यह दिवस उन लोगों की स्मृति में मनाया जाता है जिन्होंने विश्व स्तर पर मानवतावादी संकट में अपनी जान गंवाई या मानवीय उद्देश्यों के कारण दूसरो की सहायता हेतु अपने प्राणों की बाज़ी लगा दी।
4. **अफगानिस्तान का स्वतंत्रता दिवस–** 19वीं सदी में आंग्ल–अफगान युद्धों के कारण अफगानिस्तान का काफी हिस्सा ब्रिटिश इंडिया के अधीन हो गया जिसके बाद अफगानिस्तान पर युरोपीय प्रभाव बढ़ता चला गया। 19 अगस्त 1919 ई. को एंग्लो–अफगान संधि हुई थी। इस संधि ने अफगानिस्तान और ब्रिटेन के बीच पूर्ण तटस्थ संबंध स्थापित कर दिये। अतः 19 अगस्त को अफगानिस्तान अपना स्वतंत्रता दिवस मनाता है।
5. **उड़ीसा की राजधानी परिवर्तन–** ओड़िसा जिसे प्राचीन काल में कलिंग, उत्कल, उद्र तथा बाद में उड़ीसा के नाम से जाना जाता था, राज्य की स्थापना 1 अप्रैल, 1936 को हुई थी। इसकी घोषणा कटक के कनिका पैलेस में भारत के एक नये राज्य के रूप में की गई थी। प्रारंभ में इसकी राजधानी कटक थी। 19 अगस्त, [illegible] ई. को भुवनेश्वर को ओड़िसा की राजधानी बनाया गया।

M o n d a y



/teachersofbihar

Madhu priya

मधु प्रिया


# विश्व मानवतावादी दिवस 19 अगस्त




विश्व मानवतावादी दिवस प्रत्येक वर्ष 19 अगस्त को मनाया जाता है। यह दिन उन लोगों की स्मृति में मनाया जाता है, जिन्होंने विश्व स्तर पर मानवतावादी संकट में अपनी जान गवाई या माननीय उद्देश्यों के कारण दूसरों की सहायता हेतु अपने प्राणों को आहूत कर दिया। वर्ष 2008 में एक प्रस्ताव पारित कर विश्व मानवता दिवस पहली बार संयुक्त राष्ट्र महासभा द्वारा मनाया गया था। इस प्रस्ताव को स्वीडन ने प्रायोजित किया था। दरअसल आज से 17 साल पहले इराक की राजधानी बगदाद में आज के दिन यानी 19 अगस्त 2003 को संयुक्त राष्ट्र मुख्यालय पर हमला किया गया था। इस हमले में संयुक्त राष्ट्र मुख्यालय के 22 सहकर्मी मारे गए थे, जिनमें इराक में यूएनओ महासचिव के विशेष प्रतिनिधि सर्जियो विएरा डी मेलो की भी बम विस्फोट के कारण मृत्यु हो गई। इसके बाद 19 अगस्त को विश्व मानवता दिवस के रूप में मनाने का फैसला किया गया था। विश्व मानवता दिवस पर विश्वस्तरीय नेताओं से अपील की जाती है, कि वे अपनी शक्तियों का इस्तेमाल करके इन संघर्षों से प्रभावित होने वाले लोगों की हर संभव मदद करें।

# जयंती विशेष 19 अगस्त

राकेश कुमार




हज़ारी प्रसाद द्विवेदी का जन्म 19 अगस्त, 1907 (श्रावण, शुक्ल पक्ष, एकादशी, संवत 1964) में बलिया ज़िले के 'आरत दुबे का छपरा' गाँव के एक प्रतिष्ठित सरयूपारीण ब्राह्मण कुल में हुआ था। उनके पिता पण्डित अनमोल द्विवेदी संस्कृत के प्रकाण्ड पंडित थे। द्विवेदी जी के प्रपितामह ने काशी में कई वर्षों तक रहकर ज्योतिष का गम्भीर अध्ययन किया था। द्विवेदी जी की माता भी प्रसिद्ध पण्डित कुल की कन्या थीं। इस तरह बालक द्विवेदी को संस्कृत के अध्ययन का संस्कार विरासत में ही मिल गया था।

Teachers of Bihar
The Change Makers

राकेश कुमार

# शिक्षा शब्दकोश

आज का शब्द 19.08.2024

## अनुमान ( तर्क )

तर्कशास्त्र में अनुमान या अनुमिति (inference) तर्क-वितर्क द्वारा आधार कथनों से तार्किक निष्कर्ष निकालने की प्रक्रिया को कहते हैं। अनुमिति के दो मुख्य प्रकार होते हैं: निगमन (deduction) और आगमन (induction)।

# रोचक तथ्य/सामान्य ज्ञान

Rakesh kumar



दुनिया के सबसे भारी आदमी **खालिद बिन** ने सऊदी अरब के पूर्व राजा **अब्दुल्ला** के मदद से **542 किलोग्राम वजन** कम करके इतिहास रच दिया है। खालिद का वजन पहले **610 किलोग्राम** था।

# TOB

राकेश कुमार



## खेल कॉर्नर





## खेल सामान्य ज्ञान

**1. राइडर कप किस खेल से जुड़ा है?**



गोल्फ

**2. यूएसए का राष्ट्रीय खेल क्या है?**

बास्केटबॉल



**3. डूरंड कप किस खेल से जुड़ा है?**

फुटबॉल

**4. किस खेल के लिए "रिंग" शब्द का इस्तेमाल मैदान या स्थान के लिए नहीं किया जाता है?**



क्रिकेट

**5. "मिशन ओलंपिक इन आर्मी" कार्यक्रम किस वर्ष शुरू किया गया था?**

2001



**6. इयान थोर्प किस खेल से जुड़े हैं?**

तैराकी

# रक्षाबंधन विशेष

राकेश कुमार




रक्षाबन्धन भारतीय धर्म संस्कृति के अनुसार रक्षाबन्धन का त्योहार श्रावण माह की पूर्णिमा को मनाया जाता है। यह त्योहार भाई-बहन को स्नेह की डोर में बांधता है। इस दिन बहन अपने भाई के मस्तक पर टीका लगाकर रक्षा का बन्धन बांधती है, जिसे राखी कहते हैं। यह एक हिन्दू व जैन त्योहार है जो प्रतिवर्ष श्रावण मास की पूर्णिमा के दिन मनाया जाता है। श्रावण (सावन) में मनाये जाने के कारण इसे श्रावणी (सावनी) या सलूनो भी कहते हैं।


19 अगस्त
TEACHERS OF BIHAR
THE CHANGE MAKERS
रक्षाबंधन
की हार्दिक शुभकामनाएं।
www.teachersofbihar.org
Madhu priya

# रक्षाबंधन




समस्त भाई बहनों को रक्षाबंधन के पवित्र त्यौहार
की हार्दिक शुभकामनाएं।

www.teachersofbihar.org

Madhu priya


19 अगस्त
TEACHERS OF BIHAR
THE CHANGE MAKERS
विश्व फोटोग्राफी दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं
"फोटोग्राफी" वह जादूगरी है जो अनमोल पलों को संजोती है, ताकि हम वे अनमोल पल सदैव महसूस कर आनंदित हो सकें।
Punita Kumari
www.teachersofbihar.org

19 अगस्त



महान साहित्यकार

## हजारी प्रसाद द्विवेदी

की जयंती पर सादर नमन

19 अगस्त 1907 - 19 मई 1979

www.teachersofbihar.org

पुनीता कुमारी


19 अगस्त
TEACHERS OF BIHAR
THE CHANGE MAKERS
रक्षाबंधन
के पावन पर्व की हार्दिक शुभकामनाएं
www.teachersofbihar.org
Punita Kumari




www.teachersofbihar.org



TEACHERS OF BIHAR
THE CHANGE MAKERS
19 अगस्त
विश्व
मानवतावादी
दिवस
हम प्रण लें कि मानवता की रक्षा हेतु मानवीय मूल्यों को
अपने जीवन में सर्वोच्च स्थान देंगे।
Madhu priya
/teachersofbihar


19 अगस्त
पद्म भूषण से
सम्मानित हिन्दी
निबंधकार,
उपन्यासकार
हजारी प्रसाद द्विवेदी
की जयंती पर कोटि-
कोटि नमन।
19 अगस्त 1907 - 19 मई 1979
TEACHERS OF BIHAR
THE CHANGE MAKERS
Madhu priya
/teachersofbihar